पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-02 बृहस्पतिवार, दिनांक-12 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वाह्न तक ।

"माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही भाजपा के मा० सदस्यगण राज्य में धान के खरीद में हो रही गड़बड़ी पर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए । आसन द्वारा सदस्यों को अपनी सीट पर जाकर अपनी बात को रखने का बार-बार अनुरोध किया गया ।

मा० मुख्यमंत्री द्वारा भी विपक्ष के सदस्यों से यह अनुरोध किया गया कि सरकार इस विषय पर विशेष चर्चा के लिए तैयार है फिर भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी । मा० मुख्यमंत्री के वक्तव्य के बाद पुन: आसन द्वारा विपक्ष के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाकर अपनी बातों को रखें परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हुई और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्या० तक के लिए स्थगित हुई ।

(स्थगनोपरांत)

समय 12.00 बजे मध्या० से 12.09 बजे अप० तक ।

[1] कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

मा० नेता प्रतिपक्ष द्वारा कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन रखा गया जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[2] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री दिनेश कुमार सिंह, मा० सदस्या श्रीमती उषा विद्यार्थी एवं मा० सदस्य श्री विनोद नारायण झा से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

इस दौरान विपक्ष के मा० सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा बार-बार शांत रहने एवं अपनी सीट पर जाने का अनुरोध उनसे किया गया लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[3] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया तथा बजट भाषण दिया गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी ने आसन ग्रहण किया)

[4] <u>महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद</u> :-

माननीय सदस्य श्री राजेश सिंह ने महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद का प्रस्ताव प्रस्तुत किया तथा अपना पक्ष रखा ।

माननीय सदस्य डा० दाउद अली ने धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपना पक्ष रखा ।

आसन से घोषणा की गई कि माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत संशोधन प्राप्त हुआ है ।

तदुपरांत मा० नेता प्रतिपक्ष द्वारा अपना संशोधन प्रस्तुत करते हुए पक्ष रखा गया ।

इस दौरान मा० प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी के प्रस्ताव पर सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार 5.00 बजे अप० तक किया गया ।

आसन से घोषणा की गई कि यह वाद विवाद कल दिनांक 13 मार्च 2015 को भी जारी रहेगा ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल तीन निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक शुक्रवार दिनांक 13 मार्च, 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-12 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।